कार्यालय,रक्षा लेखा महानियंत्रक,
पालमरोड, दिल्ली छावनी-110010
(हिंदी कक्ष)

**सं0 55018/5/81/हि.क./रा.भा.का.स./मु.का./30** **दिनांक : 10 जनवरी, 2020**

**विषय : रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय की दिनांक 30 दिसम्बर, 2019 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का कार्यवृत्त।**

********

इस मुख्यालय कार्यालय की दिनांक **30 दिसम्बर, 2019** को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का कार्यवृत्त जारी कर दिया गया है तथा इसे रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय की वैबसाइट **cgda.nic.in** से डाउन लोड कर लिया जाए।

अनुरोध है कि आपके कार्यालय/ अनुभाग से संबंधित मदों पर तत्काल उचित कार्रवाई की जाए और की गई कार्रवाई से इस मुख्यालय कार्यालय/ हिन्दीकक्ष को अवगत कराने का कष्ट करें।

रक्षा लेखा महानियंत्रक के अनुमोदन से जारी।

**संलग्नक** : यथोपरि

(अमित गुप्ता)
**रक्षा लेखा वरिष्ठ उप महानियंत्रक (प्रशासन)**

01. निदेशक (राजभाषा), कमरा न. 240, 'बी विंग' सेना भवन, नई दिल्ली-110011
02. सभी रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक/रक्षा लेखा नियंत्रक
03. मुख्यालय कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्य
04. मुख्यालय कार्यालय के सभी वरिष्ठ लेखा अधिकारी/लेखा अधिकारी
05. मुख्यालय कार्यालय के सभी अनुभाग
06. सूचना प्रद्योगिकी एवं प्रणाली कक्ष (स्थानीय) : वैबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
07. आदेश फाइल।

**कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक**
**उलन बटार रोड, पालम, दिल्ली छावनी-110010**

**विषय : कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक की दिनांक 30 दिसम्बर, 2019 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का कार्यवृत्त।**

इस मुख्यालय कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष 2019 की चौथी तिमाही बैठक दिनांक 30 दिसम्बर, 2019 को अपराह्न 04:00 बजे श्री संजीव मित्तल, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा महानियंत्रक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया:

1. श्री प्रवीन कुमार, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा वरिष्ठ संयुक्त महानियंत्रक (प्रशा.)
2. डॉ. अमित गुप्ता, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा वरिष्ठ उप महानियंत्रक (प्रशा.)
3. श्रीमती प्रियंका चंद्रा, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा वरिष्ठ उप महानियंत्रक (वित्त, लेखा एवं बजट)
4. श्री अमित कुमार, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा वरिष्ठ सहायक महानियंत्रक (सू.प्रौ. एवं प्र.)
5. श्री स्वप्निल अग्रवाल, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा वरिष्ठ सहायक महानियंत्रक (प्रशा.)
6. श्री विजय रैना, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा.-14)
7. श्री के. पी. सिंह, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (वायु सेना, रक्षा ऑफसेट)
8. श्री वी.जी.भट्ट, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (समन्वय/विनियम/निरीक्षण)
9. श्री महेश कुमार, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा.- 4)
10. श्री सुभाष चंद्र गुप्ता, वरिष्ठ लेखा अधिकारी, (प्रशा-6,7,8,11)
11. श्री सुमन कुमार वर्मा, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (सेना / बी.आर.)
12. सुश्री किरण राजू, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा.-1)
13. श्री निहार रंजन, लेखा अधिकारी (आई.एफ.ए.)
14. श्री बी. चन्द्रा, लेखा अधिकारी (प्रशा-5/12)
15. सुश्री एम. तिलगावती, लेखा अधिकारी (प्रशा-शिकायत)
16. श्री मुरारी कुमार, लेखा अधिकारी (प्रशा-2,9,10)
17. श्री के.एस.पी.श्रीवास्तव, लेखा अधिकारी (प्रशा-3/आर.टी.आई./लीगल)
18. श्रीनिवास शर्मा, सहायक निदेशक (राजभाषा)

अन्य उपस्थिति –

1. श्रीमती काकोली दत्ता, वरिष्ठ अनुवादक
2. श्रीमती वॉइलेट खैलख़ो, वरिष्ठ अनुवादक
3. श्रीमती रुचिता सहाय, वरिष्ठ अनुवादक
4. श्री पंकज दलाल, कनिष्ठ अनुवादक
5. श्री रवि कुमार, कनिष्ठ अनुवादक

सदस्य सचिव द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं अन्य सदस्यों के स्वागत के उपरांत बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई। बैठक में निम्नलिखित महत्वपूर्ण मदों पर विचार-विमर्श किया गया:-

**मद सं. 1 : दिनांक 11 अक्तूबर, 2019 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि :**

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पिछली बैठक दिनांक 11 अक्तूबर, 2019 को आयोजित की गई थी। बैठक का कार्यवृत्त और सूचना बिन्दु अपेक्षित कार्रवाई के लिए रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय की वैबसाइट पर अपलोड कर दिये गये थे। किसी भी सदस्य से कार्यवृत्त के संबंध में कोई आपत्ति अथवा सुझाव प्राप्त न होने पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से कार्यवृत्त की पुष्टि मान ली गई।

**मद सं. 2 : पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्रवाई:**

सदस्य सचिव ने सूचित किया कि पिछली बैठक में लिए गए निर्णयानुसार सरकारी कार्य हिंदी में निष्पादित करने के प्रयास किये गए। फलतः पिछली तिमाही की तुलना में मुख्यालय कार्यालय के हिंदी पत्राचार में .02% की वृद्धि दर्ज की गई है। सदस्य सचिव ने कहा कि इस तिमाही में उल्लेखनीय बढ़ोतरी नहीं हुई है परंतु गिरावट भी नहीं आई है। उन्होंने सभा को आश्वस्त किया कि अगली तिमाही में उल्लेखनीय बढ़ोतरी अवश्य परिलक्षित होगी।

अध्यक्ष महोदय ने आदेश दिया कि प्रतिशतता में गिरावट न आने पाए, और जहाँ तक सम्भव हो कार्य हिंदी में निष्पादन की मात्रा और बढ़ाई जाए।

**[कार्रवाई : सभी अनुभाग (स्थानीय)]**

**मद सं. 3: जून, 2019 तथा सितम्बर, 2019 की हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित तिमाही प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा:**

सदस्य सचिव ने जून, 2019 तथा सितम्बर, 2019 की तिमाहियों के हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित रिपोर्टों के आंकड़े समिति के समक्ष प्रस्तुत किए और निर्देश दिए कि आगामी तिमाही में हिन्दी कार्य में और वृद्धि सुनिश्चित की जाए।

**[कार्रवाई : सभी अनुभाग (स्थानीय)]**

**मद सं. 4: हिन्दी प्रशिक्षण की स्थिति:**

पिछली बैठक में दिए गए निर्देशानुसार आशुलिपिकों की प्रशिक्षण अवधि को कम करने एवं इसके लिए ऑनलाइन या पत्राचार माध्यम द्वारा प्रशिक्षण के लिए राजभाषा विभाग के सचिव को 25.10.2019 को अर्ध शासकीय पत्र लिखा गया। इसका जवाब अभी भी प्रतीक्षित है।

**(कार्रवाई : हिन्दी कक्ष)**

**मद सं. 5 : हिन्दी कार्यशाला का आयोजन:**

सदस्य सचिव ने सूचित किया कि दिल्ली स्थित कार्यालयों में तैनात विभाग के कार्मिकों को गुरुग्राम स्थित अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान में उनके 5-6 दिन के प्रशिक्षण के दौरान एक पूरा दिन हिंदी प्रशिक्षण को समर्पित किया गया।

**मद सं. 6: रक्षा लेखा विभाग में हिन्दी पदों की स्थिति:**

(क) सदस्य सचिव द्वारा विभाग में वर्तमान में हिन्दी संवर्गीय पदों की निम्नलिखित स्थिति समिति के समक्ष प्रस्तुत की गई:

| | स्वीकृत पद | भरे गए पद | रिक्त पद |
|---|---|---|---|
| सहायक निदेशक(राजभाषा) | 37 | 13 | 24 |
| वरिष्ठ अनुवादक | 35 | 35 | - |
| कनिष्ठ अनुवादक | 70 | 44 | 26 |

(ख) रक्षा लेखा वरिष्ठ उप महानियंत्रक (प्रशा.) ने समिति को सूचित किया कि सहायक निदेशक (रा.भा.) के पद के भर्ती नियमों में संशोधन का प्रस्ताव रक्षा मंत्रालय को भेजा जा चुका है। इसके तहत उक्त पद को समूह 'क' के अंतर्गत शत-प्रतिशत पदोन्नति के माध्यम से भरने का प्रस्ताव किया गया है। मंत्रालय से सूचना प्राप्त होने पर इस संबंध में अगली कार्रवाई की जाएगी।

(ग) अध्यक्ष महोदय ने निदेश दिया कि हिंदी संवर्ग का पुनर्गठन किया जाए। इसके तहत कनिष्ठ अनुवादक के कुछ पदों का उन्नयन करते हुए वरिष्ठ अनुवादक के न्यूनतम 50 पद बनाए जाएं। साथ ही, विभाग के विशाल संख्याबल को देखते हुए मुख्यालय कार्यालय के लिए निदेशक (रा.भा.) का एक पद तथा उपनिदेशक(रा.भा.) के क्षेत्रवार पाँच पद बनाए जाने चाहिएं। उन्होंने कहा कि ये पद सहायक निदेशक (रा.भा.) के पदों के उन्नयन द्वारा बनाए जा सकते हैं। इसी क्रम में रक्षा लेखा वरिष्ठ संयुक्त महानियंत्रक (प्रशा.) ने हिंदी कक्ष को निदेश दिया कि हिंदी संवर्ग की समीक्षा/पुनर्गठन से संबंधित नियम एवं प्रावधान तथा अवधारणा की सूचना संबंधित प्रशासन अनुभाग को यथाशीघ्र उपलब्ध कराई जाए।

(घ) कनिष्ठ अनुवादक के रिक्त पदों के संबंध में रक्षा लेखा वरिष्ठ उप महानियंत्रक (प्रशा.) ने समिति को सूचित किया कि मुख्यालय कार्यालय द्वारा एक मांग-पत्र कर्मचारी चयन आयोग को भेजा गया था, परंतु कर्मचारी चयन आयोग ने यह कहते हुए प्रस्ताव को वापस कर दिया कि उक्त पद के लिए निर्धारित अहर्ता, रक्षा लेखा विभाग में कनिष्ठ अनुवादक के भर्ती नियमों में निर्धारित अहर्ता से मेल नहीं खाती है। अध्यक्ष महोदय ने इस संबंध में प्रशासन अनुभाग को अपेक्षित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

**(कार्रवाई: प्रशासन-8 अनुभाग एवं हिंदी कक्ष)**

**मद संख्या: 7 <u>रक्षा लेखा विभाग के कार्यालयों का राजभाषा निरीक्षण:</u>**

सदस्य सचिव ने समिति को सूचित किया कि गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग ने अपने वार्षिक कार्यक्रम 2019-20 में प्रत्येक विभाग/संगठन के न्यूनतम 25% कार्यालयों का राजभाषा निरीक्षण करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। तदनुसार, विभाग के सभी र.ले.प्र.नि./र.ले.नि. कार्यालयों द्वारा वर्ष 2019-20 में अपने-अपने संगठन में राजभाषा संबंधी निरीक्षण किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मुख्यालय कार्यालय द्वारा भी अपने अधीनस्थ कार्यालयों का निरीक्षण किया जा रहा है। यद्यपि मुख्यालय द्वारा 08 र.ले.प्र.नि./र.ले.नि. कार्यालयों का निरीक्षण कर निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त किया जा चुका है, तथापि वर्ष 2019-20 के लिए अनुमोदित वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार अभी 03 कार्यालयों का निरीक्षण किया जाना शेष है। शीघ्र ही इन शेष कार्यालयों के निरीक्षण भी कर लिए जाएंगे। अध्यक्ष महोदय ने मुख्यालय सहित सभी र.ले.प्र.नि./र.ले.नि. कार्यालयों को लक्ष्यानुसार निरीक्षण करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, संसदीय राजभाषा समिति निरीक्षणों के विषय में सदस्य सचिव ने सूचित किया कि इस संबंध में किसी भी प्रकार की कार्रवाई मुख्यालय अथवा संबंधित कार्यालयों के स्तर पर लंबित नहीं है।

**(कार्रवाई: हिंदी कक्ष (स्थानीय) तथा सभी र.ले.प्र.नि./र.ले.नि. कार्यालय)**

**मद संख्या : 8 <u>हिंदी पखवाड़े पर चर्चा</u> :**

पिछली बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि हिन्दी पखवाड़े के दौरान आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं को केवल सितम्बर माह में आयोजित न करके प्रत्येक तिमाही में बारी-बारी से आयोजित किया जाए ताकि कार्यालय के कार्मिकों को पूरे साल हिंदी में कार्य करने के लिये प्रोत्साहित किया जा सके। अध्यक्ष महोदय ने हिंदी दिवस के अवसर पर कवि सम्मेलन एवं दूसरे सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन के भी निर्देश दिए थे। उन्होंने इस संबंध में त्वरित कार्रवाई के आदेश दिये और वर्षभर के आयोजनों की रूपरेखा प्रस्तुत करने के निदेश दिए।

**कार्रवाई: हिंदी कक्ष (स्थानीय)**

**मद संख्या : 9 <u>मंत्रालय से प्राप्त महत्वपूर्ण पत्रों पर चर्चा:</u>**

पिछली बैठक में सदस्य सचिव ने समिति को सूचित किया था कि रक्षा मंत्रालय ने अधीनस्थ कार्यालयों को वरिष्ठ अनुवादक तथा कनिष्ठ अनुवादक के पदनाम को क्रमशः वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी तथा कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी के रूप में

परिवर्तित करने का निर्देश दिया है। इस संबंध में रक्षा लेखा वरिष्ठ उप महानियंत्रक (प्रशा.) ने सूचित किया कि पदनाम में परिवर्तन संबंधी कार्रवाई लगभग पूरी हो चुकी है और शीघ्र ही इस संबंध में परिपत्र जारी कर दिया जाएगा।

**(कार्रवाई: प्रशासन-8 अनुभाग)**

**मद संख्या: 10** **<u>अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषय</u> :**

(क) पिछली बैठक में समिति को यह अवगत कराया गया था कि सीपीग्राम में हिन्दी में कार्य करने में असुविधा हो रही है। तदोपरांत यह जानकारी दी गई थी कि मामला सॉफ्टवेयर से संबंधित है। इस बैठक में रक्षा लेखा सहायक महानियंत्रक(आईटी) ने आश्वासन दिया कि वह इस समस्या का निदान करने के भरसक प्रयास करेंगे।

**(कार्रवाई: सूचना प्रौद्यो. एवं प्र. कक्ष)**

(ख) हिंदी पुस्तकों की खरीद के संबंध में सदस्य सचिव ने बताया कि कार्यालय के लिए वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार हिन्दी पुस्तकों की खरीद कर ली गई है। इन पुस्तकों को मुख्यालय के पुस्तकालय के साथ-साथ अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान, गुरुग्राम तथा प्रशिक्षण एवं विकास केन्द्र, दिल्ली छावनी को भी उपलब्ध कराया गया है।

अंत में अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद देने के साथ बैठक की कार्रवाई संपन्न हुई।

अमित

**(अमित गुप्ता)**
**रक्षा लेखा वरिष्ठ उप महानियंत्रक (प्रशासन)**